3012N1155

Candidate's Seat No:____

BA Sem.3 Examination
EC-II
Hindi
December-2025

Time : 2.30 Hours] **[Max.Marks : 70**

सूचना : 1. सभी प्रश्नों के सामने अंक निर्दिष्ट हैं।

1 श्रीलाल शुक्ल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय दीजिए। 14

अथवा

उपन्यास का स्वरूप समझाते हुए उसके विविध प्रकारों पर चर्चा कीजिए।

2 'सूनी घाटी का सूरज' उपन्यास की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए। 14

अथवा

उपन्यास कला के तत्वों के आधार पर 'सूनी घाटी का सूरज' का मूल्यांकन कीजिए।

3 रामदास का चरित्र-चित्रण कीजिए। 14

अथवा

सत्या की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

4 (अ) विराम चिह्न की परिभाषा देते हुए उसके प्रकारों को सोदाहरण समझाइए। 7

(आ) निम्नलिखित परिच्छेद का संक्षेपण कीजिए। 7

तुम मेरे उस दिन के व्यवहार से अप्रसन्न हो गये। तुम पर अपना अधिकार मानकर मैं तुम्हें झिड़कता था, तुमको नवीन युग का एक सफल व्यक्ति बनाना चाहता था। मुझे क्या पता था कि मेरी स्नेह भावना का तुम इस प्रकार निरादर करोगे। मेरे केवल धनी होने के कारण इसी अपराध पर मुझे अपने प्रेम से वंचित कर दोगे। परन्तु प्रियवर धन का जीवन में कोई मूल्य नहीं है! क्या रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने नहीं कहा है कि मनुष्य सबसे ऊँचा सत्य है। मैं सांसारिक वैभव की प्रवंचना भूलकर तुम्हारे व्यक्तित्व पर आसक्त रहा, मेरा प्रत्येक रहस्य तुमको विदित रहा, किन्तु हाथ रे अभागे श्याम मोहन, तेरे व्यक्तित्व को किसी ने भी परखने की चेष्टा न की। सांसारिक वैभव के परदे में छिपे हुए रहकर तुझे जो वरदान मिला, वह भी शाप हो गया। तेरे हृदय का दूसरा रूप ...तेरा प्रिय रामदास भी नहीं पहचान सका। रो अभागे हृदय, रो।

5 निम्न में से किन्हीं 7 के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए : 14

(1) निम्न में से कौन सा पात्र 'सूनी घाटी का सूरज' उपन्यास का नहीं है?

(अ) सत्या (आ) रामदास (इ) होरी (ई) बड़े ठाकुर

(2) रामदास किस विषय में अनुस्नातक की पदवी प्राप्त करता है?

(अ) हिंदी (आ) अर्थशास्त्र (इ) समाजशास्त्र (ई) भौतिकशास्त्र

P.T.O

3) रामदास ने अपनी आत्मकथा में सत्या का नाम क्या रखा था?

(अ) सुनिता (आ) अनिता (इ) मोनिका (ई) रेखा

(4) श्रीलाल शुक्ल का प्रथम प्रकाशित उपन्यास कौन सा है?

(अ) अज्ञातवास (आ) पहला पड़ाव (इ) सूनी घाटी का सूरज (ई) राग दरबारी

(5) सूनी घाटी का सूरज उपन्यास का प्रकाशन वर्ष कौन सा है?

(अ) सन् 1957 (आ) सन् 1967 (इ) सन् 1962 (ई) सन् 1972

(6) निम्नलिखित में से कौन सी रचना श्रीलाल शुक्ल की नहीं है?

(अ) मैला आँचल (आ) राग दरबारी (इ) पहला पड़ाव (ई) विश्रामपुर का संत

(7) सत्या किससे शादी करती है?

(अ) रामदास (आ) बड़े ठाकुर (इ) रामानुज चटर्जी (ई) मनोज तिवारी

(8) श्रीलाल शुक्ल को निम्न में से कौन सा पुरस्कार प्राप्त नहीं हुआ है?

(अ) ज्ञानपीठ (आ) साहित्य अकादमी (इ) पद्मभूषण (ई) कबीर

(9) अंत में रामानुज क्या बन जाता है ?

(अ) आई पी एस (आ) जिलेदाल (इ) हेड मास्टर (ई) मैनेजर

(10) रामदास ने किस नाम से अपनी आत्मकथा लिखी थी?

(अ) मेरे कुछ संस्मरण (आ) मिट्टी की रेखाएँ (इ) हेड मास्टरी (ई) बोलती रेखाएँ

(11) उपन्यास में कौन रामदास का शुभ चिंतक है ?

(अ) श्याममोहन (आ) सत्या (इ) अपराजिता (ई) सुरेन्द्रप्रताप

(12) सत्या के पिताजी क्या थे ?

(अ) वकील (आ) अध्यापक (इ) ठेकेदार (ई) इंजीनियर